भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 963
दिनांक 08.02.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

उत्तर प्रदेश में हर घर नल योजना

963. डॉ. संघमित्रा मौर्य:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश के विशेषकर बदायूं संसदीय क्षेत्र के उन गांवों की संख्या कितनी है जहां सभी घरों को जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल कनेक्शन का लाभ मिल गया है; और

(ख) बदायूं संसदीय क्षेत्र के कितने बेरोजगार युवाओं को जल जीवन मिशन के तहत रोजगार मिला है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री राजीव चन्द्रशेखर)

(क) और (ख): भारत सरकार अगस्त, 2019 से राज्यों की भागीदारी में जल जीवन मिशन (जेजेएम)-हर घर जल का कार्यान्वयन कर रही है, ताकि उत्तर प्रदेश राज्य सहित देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार हेतु पर्याप्त मात्रा में, निर्धारित गुणवत्ता और नियमित और दीर्घकालिक आधार पर पीने योग्य नल जल आपूर्ति की व्यवस्था की जा सके। 'जल' राज्य का विषय होने के कारण पेयजल आपूर्ति स्कीमों की आयोजना, अनुमोदन और कार्यान्वयन की जिम्मेदारी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है।

राज्य सरकार द्वारा सूचित किए गए अनुसार, उत्तर प्रदेश में 95.7 हजार गांव हैं, जिनमें से 32,851 गांवों के सभी परिवारों को 07.02.2024 तक नल जल कनेक्शन प्रदान किया गया है। बदायूं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र राज्य के दो जिलों संभल और बदायूं में स्थित है। राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इन दो जिलों में कुल 2,364 गांव हैं, जिनमें से 485 गांव ऐसे हैं जहां सभी घरों में नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है।

जल आपूर्ति के बुनियादी ढांचे में निवेश से देश में रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के तकनीकी सहयोग से इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट-बंगलौर (आईआईएम-बी) द्वारा हाल ही में किए गए 'जल जीवन मिशन की रोजगार क्षमता का आकलन' नामक एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि जेजेएम में निर्माण चरण के दौरान औसतन 282.49 लाख व्यक्ति-प्रति वर्ष रोजगार सृजित करने और ओ एंड एम चरण के दौरान सालाना 11.18 लाख व्यक्ति-प्रति वर्ष अतिरिक्त प्रत्यक्ष रोजगार का सृजन करने की क्षमता है। रिपोर्ट पब्लिक डोमेन में निम्न लिंक पर उपलब्ध है:

https://jaljeevanmission.gov.in/sites/default/files/2024-01/Potential-Impact-of-JJM.pdf

बदायूं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत सृजित रोजगार का अनुमान इस विभाग के पास उपलब्ध नहीं है।

*****